NSW GOVERNMENT | sydney METRO

**West (वेस्ट)**



कलाकार द्वारा बनाया गया Hunter Street Station का चित्र

# The Bays और Sydney CBD के बीच मुख्य सिविल निर्माण-कार्य

## पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य 2021

Sydney Metro West का **Parramatta और Sydney CBD के बीच 20 मिनट के करीब** यात्रा के समय का लक्ष्य है।

### अपने मत प्रकट करें

**Sydney Metro ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी जन परिवहन परियोजना है।**

Sydney Metro West एक नया भूमिगत मेट्रो रेलवे होगा और यह उम्मीद की जाती है कि निर्माण-कार्य के दौरान इससे लगभग 10,000 प्रत्यक्ष और 70,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का निर्माण होगा। यह Greater Parramatta और Sydney CBD के बीच रेल क्षमता को दुगना करेगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए सिडनी का रूपांतरण हो जाएगा।

Sydney Metro West के लिए औपचारिक परियोजना नियोजन की शुरूआत 2019 में हुई और यह 2020 के दशक की शुरूआत में जारी रहेगी।

2020 में The Bays पर परियोजना को आकार देने के लिए इस सिटी में काम शुरू हुआ, और सुरंग खोदने वाली मशीनों (TBMs) का 2022 में भूमि में लगाया जाना निर्धारित है।

Sydney Metro अब आगे और मुख्य सिविल निर्माण-कार्य के लिए अनुमति की मांग कर रहा है, जिसमें The Bays और Sydney CBD के बीच स्टेशन की खुदाई और सुरंग बनाने का काम शामिल है।

अब समय है कि आप सदी में एक बार होने वाली मूलभूत सुविधा परियोजना के बारे में अपने मत प्रकट करें।

**The Bays और Sydney CBD के बीच मुख्य सिविल निर्माण-कार्य का पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य 15 दिसम्बर 2021 तक प्रदर्शनी पर है।**

- Sydney CBD व्यापारिक केन्द्र के मुख्य भाग में एक नया मेट्रो स्टेशन जो सीधे सिडनी के स्थापित और बढ़ते रोज़गार परिसरों से जुड़ता है।
- Parramatta और Sydney Olympic Park जैसे मुख्य रोज़गार और शिक्षा केन्द्रों तक अधिक तेज़, और अधिक बार की पहुँच
- Westmead पर एक नया मेट्रो स्टेशन – ऑस्ट्रेलिया के सबसे विशाल स्वास्थ्य एवं शिक्षा परिसरों में से एक।
- Burwood North, Five Dock, Pyrmont और The Bays पर पहली बार नई रेल सेवाएँ प्रदान करना।
- Pyrmont पर एक नया मेट्रो स्टेशन – जो Pyrmont समुदाय को मुख्य लाभ प्रदान करता है और Harbourside सबर्ब के रूपांतरण के लिए योजनाओं का समर्थन करता है।
- Sydney Olympic Park पर एक नया मेट्रो स्टेशन, जो सिडनी का खेलकूद और मनोरंजन का मुख्य-परिवेश है।
- सिडनी की शेष जन परिवहन प्रणाली के साथ एकीकृत।
- Sydney Metro की सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे कि स्टेशन, ट्रेन और रेलवे ट्रैक का स्वामित्व NSW की सरकार के पास है।

## Hunter Street Station

Sydney CBD के व्यापारिक केन्द्र में, Hunter Street Station, Sydney CBD में चौथा Sydney Metro station बन जाएगा और इसके Wynyard और Martin Place पर George Street, Light Rail, Sydney Trains सेवाओं के साथ तथा Martin Place पर नए Sydney Metro City एवं Southwest station के साथ आसान कनेक्शन होंगे।

George, Hunter, O'Connell और Bligh स्ट्रीट्स के बीच एक बड़ा परिसर पदयात्रियों को प्राथमिकता देगा तथा Sydney CBD के मुख्य भाग में जीवंत पब्लिक डोमेन का समर्थन करेगा। स्टेशन के प्रवेश-द्वारों के George, O'Connell, और Bligh स्ट्रीट्स पर स्थित होने का प्रस्ताव है।

प्रस्तावित भूमिगत पैदल-मार्ग Martin Place से Barangaroo तक पूरे मार्ग में आसान पारगमन प्रदान करेंगे - Sydney Metro City और Southwest तथा एवं Sydney Trains सेवाओं के साथ कुशल लिंक प्रदान करेंगे। यह उम्मीद की जाती है कि नए स्टेशन के सुबह के सबसे व्यस्त समय में पूरे सिडनी रेल नेटवर्क पर सिटी आने वाले उपभोक्ताओं की सबसे अधिक संख्या होगी, जिससे Wynyard और Town Hall स्टेशनों पर दवाब कम हो जाएगा



Sydney CBD का हवाई दृश्य।

### Sydney CBD से आने-जाने में यात्रा समय की बचत

| | Sydney Metro West पर यात्रा समय | यात्रा समय की बचत* |
|---|---|---|
| **Westmead** | 22 मिनट | 7 मिनट |
| **Parramatta** | 20 मिनट | 6 मिनट |
| **Sydney Olympic Park** | 15 मिनट | 24 मिनट |
| **Pyrmont** | 2 मिनट | 12 मिनट |

*सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से लेकर सुबह 9 बजे के बीच वर्तमान की जन तथा सक्रिय परिवहन यात्रा समयावधियों पर आधारित।

## Pyrmont Station

Darling Harbour, Blackwattle Bay, नई Sydney Fish Market और Sydney CBD का मुख्य-द्वार नया Pyrmont Station होगा। स्टेशन के प्रवेश द्वारों के Pyrmont Bridge Road और Union Street पर स्थित होने का प्रस्ताव है।

Pyrmont Station नौकरियों, निवेश और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देकर इस अंदरूनी सिटी परिवेश को पुन-सजीव करने की योजनाओं को बहुत बढ़ाएगा। स्टेशन Pyrmont Peninsula तक कनेक्टिविटी के एक नए स्तर को सक्षम बनाएगा तथा जीवंत स्ट्रीट अग्रिम भागों तथा खुले जन स्थलों के माध्यम से स्टेशन के आसपास पदयात्री गतिशीलता को प्राथमिकता देगा।

Sydney Metro नियोजन, उद्योग और पर्यावरण विभाग (Department of Planning, Industry and Environment), अन्य सरकारी हितधारकों तथा समुदाय के साथ काम करना जारी रखेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि Pyrmont Station, Pyrmont Peninsula के भविष्य की परिकल्पना का समर्थन करता है।





कलाकार द्वारा बनाया गया Pyrmont Station का चित्र

### Pyrmont से आने-जाने के लिए यात्रा समय की बचत

| | Sydney Metro West पर यात्रा समय | यात्रा समय की बचत* |
|---|---|---|
| **Westmead** | 20 मिनट | 32 मिनट |
| **Parramatta** | 18 मिनट | 30 मिनट |
| **Sydney Olympic Park** | 13 मिनट | 43 मिनट |
| **North Strathfield** | 10 मिनट | 29 मिनट |
| **Hunter Street** | 2 मिनट | 12 मिनट |

*सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से लेकर सुबह 9 बजे के बीच वर्तमान की जन तथा सक्रिय परिवहन यात्रा समयावधियों पर आधारित।




## The Bays से लेकर Sydney CBD तक

### स्टेशन की खुदाई

Pyrmont और Hunter Street पर स्टेशन की नई गुफाओं की खुदाई की जाएगी।

Pyrmont और Hunter Street स्टेशन दोनों सिंगल-स्पैन गुफाएँ हैं, जिसका अर्थ है कि दोनों सुरंगें एक ही गुफा में एकल केन्द्रीय प्लेटफॉर्म के साथ प्रवेश करती हैं। स्टेशन की खुदाई के तरीके का निर्धारण स्थल की विशिष्ट परिस्थितियों पर किया जाता है, जिसमें यह शामिल है कि सुरंगों का जाना कहाँ नियोजित है, इमारत के मौजूदा तलघर और अन्य भूमिगत संरचनाएँ कैसी हैं।

### सिंगल-स्पैन खनन गुफा




*सांकेतिक, विस्तृत डिज़ाइन के अधीन।

### सुरंग कॉरिडर और संरेखण

सतह पर रेलवे लाइन के एक संरक्षित और अनुमोदित कॉरिडोर का अनुसरण करने के समान ही, Sydney Metro West के लिए सुरंगें एक आरक्षित भूमिगत रेल कॉरिडोर के माध्यम से संचालन करेंगी – इसे बुनियादी कॉरिडोर भी कहा जाता है।

जहाँ संभव हो, भूमिगत कॉरिडोर मुख्य सड़कों, खुले स्थलों और सार्वजनिक इमारतों के नीचे चलते हैं।

परन्तु, कुछ मामलों में जहाँ ऐसा संभव न हो, वहाँ भूमिगत कॉरिडोर निजी संपत्ति के नीचे संचालन करता है।

सुरंग संरेखण डिज़ाइन की पुष्टि किए जाने के बाद Sydney Metro सुरंग संरेखण के लिए भूमिगत ज़मीन को अधिग्रहण करने के लिए एक औपचारिक प्रक्रिया का आयोजन करेगा। परियोजना टीम सभी प्रभावित संपत्ति मालिकों को सीधे संपर्क करेगी। Sydney Metro केवल उस ज़मीन को अधिगृहित करेगा जिसकी ज़रूरत उसे सुरंगों का सुरक्षित रूप से निर्माण करने और लंबी-अवधि की सुरक्षा प्रदान करने के लिए होगी।

Sydney Metro  राज्य पर्यावरणीय नियोजन नीति (मूलभूत सुविधा) में संशोधन किए जाने की मांग भी कर रहा है ताकि सुरंगों की सुरक्षा प्रदान करने के लिए करीब 25 मीटर के सुरंग कॉरिडोर को प्रस्तावित सुरंग संरेखण से सुरक्षित रखा जा सके।

### सुरंग का निर्माण

Sydney Metro को Metro North West Line और City & Southwest परियोजना के लिए 60 किलोमीटर से अधिक की सुरंगें प्रदान करने पर गर्व है।

Sydney Metro अग्रिम सुरंगी प्रौद्योगिकी का प्रयोग करता है और कड़ी शर्तों का अनुपालन करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरंगों का निर्माण सुरक्षित रूप से किया जाए।

पिछले सात सालों में हमारे ट्रैक रिकॉर्ड ने यह पुष्टि की है कि सुरंग बनाना निर्माण-कार्य का एक बहुत सुरक्षित और प्रभावी तरीका है, खासकर Sydney सैंडस्टोन में, तथा इन कार्यों से इमारतों या मूलभूत सुविधाओं में नुकसान होने की संभावना नहीं है।

The Bays और Hunter Street के बीच सुरंग निर्माण कार्य करने के लिए दो TBMs की आवश्यकता है और इन्हें The Bays से लांच किया जाएगा। TBMs, Hunter Street पहुँचने से पहले Johnstons Bay और Darling Harbour पर हार्बर के नीचे जुड़वा सुरंगों की खुदाई करेंगी। Sydney Metro West की सुरंगें औसतन 38 मीटर गहरी होंगी – लगभग ज़मीनी तल से 13 मंज़िल नीचे।



Sydney Metro City & Southwest परियोजना पर गुफा।

## नियोजन प्रक्रिया

Sydney Metro ने The Bays और Sydney CBD के बीच नियोजन, उद्योग और पर्यावरण विभाग को पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य आकलन के लिए जमा कराया है। यह नियोजन दस्तावेज़ अब जन प्रदर्शनी के लिए लगाया गया है।

आगे और नियोजन स्वीकृतियों पर ग़ौर किया जाएगा:

- Westmead और Sydney CBD के बीच रेल मूलभूत सुविधा, स्टेशन, परिवेश और संचालन
- प्रासंगिक स्टेशनों पर एकीकृत स्टेशन और परिवेश विकास।

समुदाय और अधिक सीखने तथा पूरी नियोजन प्रक्रिया के दौरान अपने मत प्रकट के लिए सक्षम होगा।

## हमारे वर्चुअल सहभागिता कक्ष की जांच करें

Sydney Metro ने एक वर्चुअल सहभागिता कक्ष का निर्माण किया है ताकि आपको परियोजना के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में और अधिक सीखने में सहायता मिले।

आप कमरे के आसपास सूचना बोर्ड देखने, नियोजन दस्तावेज़ पढ़ने, हमारे परियोजना विशेषज्ञों से अधिक सीखने तथा हमारे इंटरेक्टिव परियोजना नक्शे में ज़ूम करने में सक्षम होंगे ताकि आप यह समझ सकें कि Sydney Metro West का आपके क्षेत्र के लिए क्या अर्थ है।

QR कोड का प्रयोग करें या
**sydneymetro.info/metrowest** वेबसाइट देखें।

### The Bays और Sydney CBD के बीच मुख्य सिविल निर्माण के लिए नियोजन प्रक्रिया

प्रारम्भिक सलाह-मशविरा

1. स्कोपिंग रिपोर्ट तैयार करना और जमा करना, तथा सचिव की पर्यावरणीय आकलन आवश्यकताओं **(Secretary's Environmental Assessment Requirements, SEARs)** का निवेदन करना
2. **SEARs** प्राप्त करना

औपचारिक सलाह-मशविरा

3. पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य तैयार करना और उसे प्रदर्शनी पर लगाना – न्यूनतम **28** दिन — हम यहाँ हैं
4. सब्मिशन और संशोधन रिपोर्ट तैयार करना और जमा कराना
5. परियोजना निर्धारण प्राप्त करना
6. निर्माण-कार्य की शुरूआत
7. यात्रियों के लिए खुला

Sydney Metro West वर्चुअल सहभागिता कक्ष।



## अपने मत प्रकट करें

'The Bays और Sydney CBD के बीच मुख्य सिविल निर्माण-कार्य का पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य 2021' बुधवार **15 दिसम्बर 2021** तक जन प्रदर्शनी पर है। कोई भी किसी भी भाषा में नियोजन, उद्योग और पर्यावरण विभाग को पर्यावरणीय प्रभाव वक्तव्य के बारे में सब्मीशन जमा कर सकता है।

फिर विभाग सब्मीशनों को इकट्ठा करेगा और इन्हें अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा। सब्मीशनों में उठाए मुद्दों पर परियोजना का आकलन किए जाने से पहले ग़ौर किया जाएगा और एक फैसला लिया जाएगा। **यह आवश्यक है कि आपकी सब्मीशन बुधवार 15 दिसम्बर 2021 तक विभाग के पास पहुँच जाए।**

## संपर्क करें

पूर्ण देखने के लिए **planningportal.nsw.gov.au/major-projects/project/41851** पर जाएँ।

Sydney Metro के बारे में और अधिक सीखने के लिए **sydneymetro.info** पर जाएँ और ई-मेल चेतावनियों के लिए साइन अप करें।

परियोजना का इंटरेक्टिव नक्शा देखने, यह पता लगाने कि आप अपने क्षेत्र में क्या उम्मीद कर सकते/सकती हैं और परियोजना टीम के विशेषज्ञ सदस्यों से सीखने के लिए **sydneymetro.info/metrowest** देखें।

हमारे किसी समर्पित प्लेस मैनेजर से बात करने के लिए हमें **1800 612 173** पर फोन करें।

**sydneymetrowest@transport.nsw.gov.au** पर अपने सवाल भेजें और हम आपसे वापिस संपर्क करेंगे।

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो TIS National से **131 450** पर संपर्क करें और उन्हें **1800 612 173** पर फोन करने के लिए कहें।

App Store या Google Play से **Sydney Metro Connect** डाउनलोड करने के लिए QR कोड का प्रयोग करें

## सब्मीशन कैसे जमा करें

ऑनलाइन: **planningportal.nsw.gov.au/major-projects** पर जाकर 'on exhibition' लिंक्स फॉलो करें

इन्हें पत्र लिखें:
**Planning and Assessment**
**Department of Planning, Industry and Environment**
**Locked Bag 5022**
**Parramatta NSW 2124**

आपके पत्र में यह जानकारी शामिल होनी चाहिए:

1. आपका नाम और पता, केवल पत्र के ऊपरी भाग में (या एक अलग कवर लेटर में यदि आप चाहते/चाहती हैं कि आपके निजी विवरण प्रकाशन में शामिल न किए जाएँ)।
2. आवेदन का नाम और आवेदन संख्या (SSI-19238057)
3. एक बयान कि क्या आप प्रस्ताव का समर्थन करते हैं या इसके विरोध में हैं
4. प्रस्ताव का समर्थन या विरोध करने के आपके कारण
5. पिछले दो सालों में किन्हीं सूचना देने योग्य राजनैतिक दानों का एक घोषणा-पत्र।

यदि इस प्रक्रिया के संबंध में आपके कोई सवाल हैं तो आप NSW के नियोजन, उद्योग और पर्यावरण विभाग से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

फोन: **1300 305 695**

ई-मेल: **majorprojectssupport@planning.nsw.gov.au**

विभाग एक प्रस्ताव पर आपकी सब्मीशन में आपके द्वारा शामिल किसी निजी जानकारी को प्रकाशित कर सकता है। अपने सब्मीशन में कोई ऐसी निजी जानकारी शामिल न करें जो आप चाहते/चाहती हैं कि प्रकाशित न की जाए।

और अधिक जानकारी के लिए, विभाग का गोपनीयता वक्तव्य इस वेबसाइट पर देखें: **planning.nsw.gov.au/privacy**.

## करीबी परियोजनाएँ

अपने क्षेत्र में NSW सरकार की योजनाओं के बारे में पता लगाएँ

### Pyrmont Peninsular प्लेस कार्यनीति

ऑनलाइन: **planning.nsw.gov.au/pyrmont**
ई-मेल: **Pyrmont.Peninsula@planning.nsw.gov.au**

### ड्राफ्ट Bays West प्लेस कार्यनीति

ऑनलाइन: **planning.nsw.gov.au/bayswest**
ई-मेल: **bayswest@dpie.nsw.gov.au**



Bays west क्षेत्र।

© Sydney Metro 2021. 21148-WEST 11.21 (Hindi)